# Uttarakhand Open University, Haldwani
# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

**दरें प्राप्ति हेतु पुनः कोटेशन सूचना**

Ref. No. UOU/Procurement/1121
Date 18/09/2026

सभी योग्य सेवाप्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के आई0सी0टी0 अनुभाग के सर्वर रूम में स्थापित 40 KVA क्षमता वाले Online UPS सिस्टम के वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC) हेतु (कोटेशन सूचना–UOU/Procurement/1088, दिनांक 09/09/2026 के क्रम में न्यूनतम संख्या में प्रतिभागिता न होने के कारण निरस्त करते हुए) स्थानीय बाजार सर्वे के आधार पर पुनः कोटेशन आमंत्रित की जाती है। पूर्व में जिन आपूर्तिकताओं के द्वारा कोटेशन दरें प्रस्तुत की गई थी, वे पुनः अपनी कोटेशन दरें प्रस्तुत कर सकते हैं। तदुपरांत ही उनकी दरों पर विचार किया जायेगा।

योग्य व इच्छुक सेवाप्रदाता फर्म अपनी दरें संलग्न प्रारूप में सील बंद लिफाफे में जिसके ऊपर स्पष्ट रूप से **40 KVA UPS के वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध की दरें** लिखा हो, को दिनाँक 23/09/2026, समयः दोपहर 3:00 बजे तक अपने पत्रवाहक, स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से संयोजक, केन्द्रीय क्रय समिति उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (कार्यालय पता–तीनपानी बाईपास रोड, हल्द्वानी जिला नैनीताल) के नाम विश्वविद्यालय में जमा कर सकते हैं।

संलग्न–प्रारूप।

(प्रोफेसर पी0डी0 पन्त)
संयोजक, केन्द्रीय क्रय समिति

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

## Uttarakhand Open University, Haldwani

कोटेशन प्रारूप

**उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के आई0सी0टी0 अनुभाग के सर्वर रूम में स्थापित 40 KVA Online UPS के वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC) की दरें उद्वरण हेतु कोटेशन प्रारूप।**

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | अनुबंध का समय | मात्रा | कुल धनराशि रूपये में (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 40 KVA Online UPS (Numeric) | 01 Year | 01 Nos. | |

- जी0एस0टी0 वास्तविक आधार पर देय होगी।

अनुबंध के अन्तर्गत कार्य का विवरण–

01. सेवाप्रदाता द्वारा तिमाही नियमित अनुरक्षण (Quarterly Preventive Maintainence) किया जाना अनिवार्य होगा।
02. 24 घण्टे के अन्दर आपातकालीन मरम्मत सेवा (Emergency Breakdown Support) उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
03. प्रत्येक सेवा के उपरान्त सेवा रिर्पोट (Service Report) प्रस्तुत करनी होगी।
04. जब तक विशेष रूप से आवश्यकता न हो यू0पी0एस0 के आन्तरिक उपकरण/पुर्जों को नही बदला जाएगा।
05. यू0पी0एस0 में संयोजित बैट्ररियों की स्थिति की जांच व रिपोर्टिंग अनिवार्य होगी।
06. आवश्यकतानुसार सॉफ्टवेयर अपडेट व इन्वर्टर पैरामीटर का परीक्षण किया जाना होगा।
07. अनुभवी तकनीशियन द्वारा कार्य निष्पादित किया जाएगा।
08. यदि कोई पुर्जा/उपकरण बदला जाता है तो कम्पनी को AMC के दौरान प्रयुक्त पुर्जों की ऑरिजिनलिटी प्रमाणित करनी होगी।

09-निवारक रखरखाव जांच के दौरान यू0पी0एस0 सिस्टम की सफाई की जाएगी और सामान्य कार्य–निष्पादन की जांच की जाएगी।

10-यू0पी0एस0 सिस्टम में बदले जाने वाले सभी स्पेयर पार्टस की लागत इस व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध के अन्तर्गत कवर की जाएगी।

## न्यूनतम पात्रता मापदण्ड–

01. GST पंजीकरण, PAN CARD, फर्म पंजीकरण प्रमाण की सत्यापित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा।
02. किसी शासकीय संस्थान में यू0पी0एस0 AMC/CAMC कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
03. अनुबंध के लिए चयनित सेवा प्रदाता को विश्वविद्यालय से कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से अनिवार्य रूप से सेवा देनी होगी।

## अन्य शर्तें–

01. सेवा में कमी पाए जाने पर अनुबंध को किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी।
02. यू0पी0एस0 की 24 घण्टे से अधिक की डाउनटाइम की स्थिति में रूपया 1000/–प्रतिदिन के अनुसार जुर्माना लगाया जा सकता है।
03. विश्वविद्यालय को बिना कोई कारण बताए किसी भी या समस्त निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।
04. भुगतान छमाही/वार्षिक आधार पर कार्य की संतोषजनक रिर्पोट प्रस्तुत करने के उपरान्त विश्वविद्यालय नियमानुसार किया जाएगा।

## निम्न दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है–

01. कंपनी प्रोफाइल
02. अनुभव प्रमाण पत्र
03. पैन कार्ड की सत्यापित प्रति।
04. GST प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति।
05. AMC कार्यों की सूची (यदि उपलब्ध हो)

**फर्म प्रतिनिधि के हस्ताक्षर** ..................................

**फर्म का नाम एवं पता** ..................................

**फर्म का संम्पर्क नम्बर** ..................................

**फर्म की ई–मेल आई0डी0** ..................................

**फर्म की मुहर यदि हो तो** ..................................

**फर्म का संगत कार्य में जी0एस0टी0 नं0** ..................................

18.09.26

(प्रोफेसर पी0डी0 पन्त)
संयोजक, केन्द्रीय क्रय समिति